दैनिक
न्याय साक्षी



## महत्वपूर्ण एवं खास



रायगढ़। बिते दिनों कयाघाट में हुए लूट में जुटमिल पुलिस को मिली बड़ी सफलता, चार आरोपियों को पकड़कर किया न्यायालय में पेश

## दो मोटर साइकिलों की आमने-सामने की भिड़ंत, दुर्घटना में 5 लोग घायल

रायगढ़। लैलूंगा थाना क्षेत्र में दो बाइक के आमने सामने की भिड़ंत हो गई इससे दोनों मोटरसाइकिल में सवार पांच लोग चोटिल हो गए है। मिली जानकारी के अनुसार शनिवार शाम 06 बजे लैलूंगा राइनो को घटनास्थल घाटगांव के पास दो मोटरसाइकिलों के एक्सीडेंट का सूचना मिला जिस पर लैलूंगा राइनो स्टाबफ आरक्षक जक्सशन बघेल घटनास्थल घटगांव पहुंचा। मौके पर दो मोटर सायकलों के आमने सामने की भिंड़त में 05 लोग घायल अवस्था में रोड पर पड़े थे। एक मोटर सायकल पर सवार जगेन्द्रक तिर्की उम्र 30 वर्ष निवासी डोढहागांव, सुरेश साय उम्र 36 वर्ष निवासी घटगांव तथा दूसरे मोटर सायकल में सवार रंगलाल मांझी उम्र 23 साल, सकलजीत मांझी उम्र 22 साल एवं सूरज मांझी 18 वर्ष सभी निवासी लैलूंगा सवार थे। जिन्हें गम्भीर चोट आई जिसमें दो घायल को राइनो वाहन में व 03 घायलों को निजी वाहन में बैठाकर लैलूंगा अस्पताल पहुंचाया जहां पांचों घायलों का उपचार चल रहा है। जिसमें सुरेश साय को मेडिकल कालेज अस्पताल रिफर किया गया है।

## अवैध धान परिवहन को लेकर प्रशासन मुस्तैद 4 वाहनों पर जप्ती की कार्यवाही

रायगढ़। अवैध धान परिवहन को लेकर इस बार प्रशाशन मुस्तैद नजर आरही है चेक पोस्ट के साथ साथ खुद एसडीएम अपनी टीम



के साथ जगह जगह छापेमारी कर रहे हैं । अब तक के जांच में 4 वाहनों को धान के साथ जप्त किया गया है और 2 किसान जो मंडी में धान बेचने आए थे जिसमे अलग अलग किस्म का धान किसान के पास पाया गया कोचिये के धान के शक पर जप्त करके नोटिस दिया गया। खरीदी केन्द्रों में खुद एसडीएम पहुंच कर जांच कर रहे है चूंकि हर बार अन्य रायों का धान छत्तीसगढ़ में बेचा जाता है जिससे किसानों की समृद्धि की योजना बिचौलिए और कोचिय के लिए कारगर होती है इन सबको रोकने प्रशाशन कड़ा रुख अपना रहा है।

**ये है परिवहन के नियम-** मंडी में धान बेचने के लिए मंडी से पहले टोकन दी जाती है उस टोकन में तिथि और दिशा लिखा होता है उस तिथि में परिवहन टोकन और किसान के साथ सुनिश्चित करें ।

# रायगढ़ की बेटी ट्विंकल ने दिया जिले को नए साल को तोहफा

## मिस इंडिया खादी में बनाया दूसरा स्थान, 23 प्रतिभागियों को छोड़ा पीछे


रायगढ़। रायगढ़ की ट्विंकल ने मिस इंडिया खादी की प्रतियोगिता के दौरान न केवल जिले का नाम रोशन किया है बल्कि अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाते हुए 23 प्रतिभागियों को पीछे छोड़ते हुए शानदार प्रदर्शन किया है। नए साल की शुरूआत से पहले ट्विंकल ने बता दिया कि रायगढ़ जिला वाकई प्रतिभाओं का धनी है और इस संस्कारधानी में रहने वाले कलाकार अपनी मेहनत से बडा मुकाम हासिल करके पूरे छत्तीसगढ़ में परचम लहराते हैं।



दिल्ली में आयोजित मिस इंडिया खादी प्रतियोगिता की फिनाले विक की शुरूआत दिसंबर माह के तीसरे सप्ताह में संपन्न हुआ। जिसमें पूरे भारत से चुने हुए 25 प्रतिभागियों ने हिस्सा लेते हुए अपने हुनर का प्रदर्शन किया और मिस इंडिया खादी प्रतियोगितो में पूछे सवालों के साथ-साथ दिए गए टास्क बेटी बचाओ, बेटी पढाओ, जनधन योजना, स्वच्छ भारत अभियान के साथ-साथ अन्य कई टास्क दिए गए थे। सभी टास्क में ट्विंकल ने अपनी वो छाप छोड़ी जिसके चलते 23 ब्यूटी काम्पीटीशन की लड़कियों को पीछे छोड़ते हुए दूसरा स्थान हासिल किया। इस प्रतियोगिता में शामिल प्रतिष्ठित व्यक्तियों के अलावा छत्तीसगढ़ के आईएएस अधिकारी आलोक अवस्थी ने भी ट्विंकल की तारीफ करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इतना ही नही आलोक अवस्थी ने रायगढ़ जिले का नाम रोशन करने वाली ट्विंकल का हौसला बढ़ाते हुए और भी प्रतियोगिताओं में जीत के लिए शुभकामनाएं भी दी।

ट्विंकल ने बताया कि वर्ष 2018 की अखिल भारतीय प्रतियोगिता का समापन नई दिल्ली के पांच सितारा होटल में भव्य रूप से संपन्न हुआ। विगत वर्ष की भांति सम्पूर्ण भारत के 20 प्रदेशों से 50000 से अधिक डिज़ाइनर एवं विद्यार्थियों में प्रतियोगिता में भाग लिया वही 100 चयनित डिज़ाइनर ने अंतिम कार्यक्रम में अपना स्थान बनाया। जहाँ डिज़ाइनर ने खादी को नये डिज़ाइनर रूप में प्रस्तुत कर दर्शको का मन मोह लिया वहीं देश भर में मॉडल्स प्रतिभागियों ने चयन प्रक्रिया के अंतर्गत दस सोशल टास्क को अत्यंत खूबसूरत ढंग से सम्पूर्ण कर प्रतियोगिता के अंतिम चरण में अपना स्थान बनाया, ज्ञात हो के प्रत्येक प्रतिभागी को मिस इंडिया खादी में अपना स्थान बनाने हेतु प्रतिदिन गरीबों को भोजन करवाना, अस्पताल में फलों का वितरण, बच्चो की शिक्षा जैसे 10 टास्क को पूरा करना होता है।

## तीन दिवसीय अग्र भागवत कथा 1 जनवरी से



रायगढ़। समाज में दान, दया, समृद्धि और सद्भाव के संवाहक अग्रकुल भूषण महाराज अग्रसेन जी के दिव्य गुणों को उजागर करती अग्र भागवत कथा का आयोजन नगर में 1 जनवरी से आरंभ हो रहा है। नगर की समाजसेवी ईकाई अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन के अथक प्रयास से तीन दिवसीय अग्र भागवत कथा का पहला आयोजन स्थानीय गांधी गंज मे प्रतिष्ठित महाराज अग्रसेन की प्रतिमा के समीप किया जा रहा है। संस्था के सदस्य सुभाष चिराग के सौजन्य से लगभग 1200 श्रद्धालुओं के बैठने योग्य तैयार भव्य पंडाल मे व्यासपीठ पर प्रख्यात कथावाचक पं. विजयशंकर मेहता अग्रभागवत का रसास्वासद अपने मुखारबिंद से करायेंगें। आयोजक इकाई अग्रवाल सम्मेलन की ओर से कथा की तमाम तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं।

## सूने मकान से लाखों की चोरी

खरसिया। स्थानीय रतन महका निवासी डोलनारायण पटेल पिता द्वारिकाप्रसाद पटेल उम्र 62 वर्ष अपने पुत्र जो कि नागपुर में रह रहे अपने पुत्र से मिलने गये थे।



इस दौरान उनके खाली मकान में अज्ञात चोरो ने चोरी कर ली। जिसकी सूचना डोलानारायण द्वारा आज खरसिया वापस लौटने पर खरसिया पुलिस चौकी में दी गई जिस पर खरसिया पुलिस ने धारा 457, 380 के तहत मामला पंजीबद्ध कर मामले की विवेचना प्रारंभ कर दी है।

पुलिस सुत्रों से मिली जानकारी के अनुसार खरसिया विकासखंड के ग्राम रतन महका निवासी डोलनारायण पिता द्वारिका पटेल उम्र 62 वर्ष रतन महका में अपने परिवार सहित निवास करता है। विगत 23 दिसंबर को महाराष्ट के नागपुर में रहने वाले अपने पुत्र से मिलने नागपुर गया था।

## 2 ट्रेलर आपस में भिड़े, चालक हुआ घायल

रायगढ़। 30 दिसम्बर को 15.41 बजे घरघोड़ा राइनो को रोड एक्सीडेंट का इवेंट प्राप्त हुआ। इवेंट प्राप्त होते ही घरघोड़ा राइनो स्टॉफ आरक्षक उमाशंकर भगत व आरक्षक नंद कुमार यादव घटनास्थल कुटकुट नाला पहुंचे। जहां 2 ट्रेलर के आपस में भिड़ंत होने से एक ट्रेलर वाहन का चालक नरेश भगत पिता गणपत भगत उम्र 36 वर्ष निवासी चदरोरी जिला कोरबा का पैर ट्रेलर वाहन के स्टेरिंग में बुरी तरह फस गया था जिसे राइनो स्टाफ द्वारा स्थानीय लोगों के सहायता से किसी तरह बाहर निकालें ।

## फोन में चौटिंग भाई की फटकार से बालिका ने पिया फिनाइल

रायगढ़। सरिया थाना क्षेत्र कक्षा 11 व छात्र ने भाई की बातों से व्यथित होकर घर मे रखे फिनाइल का सेवन कर लिया है। इससे उसकी हालत बिगड़ गई है जिसे मेडिकल कालेज अस्पताल में भर्ती किया गया है।

मिली जानकारी के मुताबिक बालिका स्कूल में पढने वाले बालक से प्रेम प्रसंग कर करती है। जिससे फोन के माध्यम से बात भी करती थी। इस बात की भनक उसके भाई व परिजनों को भी थी परंतु बालिका के पढाई करने व लड़का दूसरे समाज का होने से इस पर ध्यान नही दिए।

## दूसरी पत्नी के कारण पहली पत्नी से मारपीट, महिला ने किया जहर सेवन

रायगढ़। जूटमिल चौकी क्षेत्र जेलपारा में पति पत्नी के बीच वे आने के बाद तीनों में जमकर विवाद हो गया। इसके पश्चात पहली पत्नी सुनीता शर्मा को उसके पति ने दूसरी पत्नी के घर बुलाकर मारपीट किये जाने का मामला मामला सामने आया है। वही मारपीट के बाद महिला ने घर आकर कीटनाशक का सेवन कर ली हैं। इस पूरे घटनाक्रम में अस्पताल प्रबंधन की सूचना में पुलिस जांच में जुट गई है।

मिली जानकारी के मुताबिक सुनीता शर्मा पति विकास शर्मा जेलपारा निवासी है जो समाजिक रीति रिवाज से 6 साल पुर्व शादी किया था। महिला से उसके दो बच्चे भी है। इस दौरान महिला का पहली पत्नी होने के बावजूद विकास का किसी अन्य महिला से प्रेम प्रसंग स्थापित हो गया। यह सम्बंध बढ़ते हुए दोनो एक दूसरे के साथ पति -पत्नि की तरह रहने लगे। इसकी भनक पहली पत्नी को भी हो गई जिससे एक सुखद दाम्पत्य में अन्य महिला के आ जाने से जहर घुल गया। इससे आए दिन दोनों मियां बिवी के मध्य रार होने लगा। इस बीच तहिला का पति विकास धोखे से पहली पत्नी सुनिता को दूसरे पत्नी के घर बुला लिया। वही मारपीट करने लगा। इस घटना के बाद महिला ने क्षुब्द होकर कीटनाशक का सेवन जिससे उसकी हालत बिगड़ गई जिसका मेडिकल कालेज अस्पताल में इलाज चल रहा हैं।

SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com

**Social Justice Union**

Registered with Govt. No. 5526

Join SJU

**अधिकार से न्याय तक**

**आवश्यकता**

इस संघ का गठनसम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितो को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईज़र श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गवर्निंग बोर्ड के सदस्यों कु0 सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी राकुन्डे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जावेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य हाथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यका, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जावेगा।

**उद्देश्य एवं नियुक्तियां**

मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जावेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियाँ की जावेंगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तो का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

**मुख्य बिन्दु**

प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जावेगी।

**पीड़ित संपर्क करें**

संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

**अन्य बिन्दु**

- संघ पर्यावरण संरक्षण एवे पर्यावारण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश मे महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक रीति के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जावेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जावेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जावेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन् तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्व कार्यक्रम किए जावेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जावेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित कराएगा।

पढिए ....
न्यायसाक्षी समाचार-पत्र

:: Address ::
Behind Stadium
Near Career
School, Raigarh,
C.G.
Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।

Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU




**तत्काल आवश्यकता है**

न्यायसाक्षी समाचार-पत्र हेतु कम्पयूटर ऑपरेटर, सर्वे करने के लिए, बंडल कार्य हेतु, एवं रिपोर्टर/संवाददाता रायगढ़ एवं जशपुर जिले के लिए तत्काल चाहिए ... संपर्क करें...

न्यायसाक्षी समाचार-पत्र
स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़ छ.ग.
मो. नं. 9039961090

**ऑफसेट प्रिंटिंग - न्यूज पेपर प्रिंटिंग**

वेस्ट जर्मनी की ऑफसेट मशीन *हेडलबर्ग* से 4 कलर की सभी तरह की प्रिंटिग होती है। प्रिंटिंग जॉब हेतु सम्पर्क करें ....

न्यायसाक्षी प्रिंटर्स एण्ड प्रेस
श्रीराम कॉलोनी, स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़ छ.ग. मो. नं. 9589876400

न्यायसाक्षी समाचार- पत्र की खरसिया, सारंगढ़, पुसौर, मनार, घरघोड़ा, धरमजयगढ़, पत्थलगांव लुड़ेग, कांसाबेल, कुनकुरी, जशपुर एवं आसपास के क्षेत्रों में एजेंसी देना है, तत्काल संपर्क करें।

स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़, छ.ग. संपर्क करें मो.नं. 9039961090

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-221359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् ख़बरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com RNI NO :- CHHHIN/2018/76480